कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-25.01.2025

विषय:- चोरी के आटो के साथ अभियुक्त गोविन्द सोनकर थाना कैण्ट पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 69/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त गोविन्द सोनकर पुत्र रोशन सोनकर निवासी गिलट बाजार बाईपास डा0 ए के राय के निकट थाना शिवपुर वाराणसी को आज दिनांक-25.01.2025 को समय करीब 00.20 बजे वरुणा कोरिडोर के किनारे से चोरी के आटो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण-

दिनांक 23/01/2025 को वादी मुकदमा द्वारा आटो रजि. नं. -UP65HT3089 CNG कचहरी के पास से चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना कैण्ट में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 अभिषेक सिंह द्वारा सम्पादित किया जा रहा है।

विवरण पूछताछ- पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि जो आटो मेरे पास है इसे मैने सर्किट हाउस के पास से दो -तीन दिन पहले चोरी किया था, जिसको मैंने यहां पर लाकर खड़ा कर दिया था। इस ऑटो को मैं आज ले जाने आया था और आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गोविन्द सोनकर पुत्र रोशन सोनकर निवासी गिलट बाजार बाईपास डा0 ए के राय के निकट थाना शिवपुर वाराणसी उम्र 30 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद आटो बजाज RE (तीन पहिया वाहन) पीला व हरा रंग का, रजिस्ट्रेशन नं0 UP65 HT 3089 , चेचिस नं. MD2A27AY5JWJ34426 ।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

वरुणा कारिडोर के किनारे तरफ थाना कैण्ट वाराणसी, दिनांक 25.01.2025 समय 00.20 बजे।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 0069/2025 धारा 303(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 प्रवीण कुमार मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अभिषेक सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 नागेन्द्र थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सचिन कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सुरेन्द्र यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।